श्रीमान् जी से निवेदन है कि जिला कलक्टर कार्यालय उदयपुर के सभी अनुभागों में एन.आई.सी. द्वारा इन्टरनेट की सुविधा दी जाती है। वर्तमान में जिला कलक्टर कार्यालय उदयपुर के सभी अनुभागों में इन्टर नेट हेतु फाइबर लाईन डाली गई है। इस वजह से जिला कालक्टर कार्यालय उदयपुर के सहायता अनुभाग में इन्टर नेट की सुविधा बन्द कर दी गई है। एन.आई.सी. द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में विन्डो –7 में नेट उपलब्ध नहीं कराया जा सकेगा। वर्तमान में इस अनुभाग में सिर्फ एक ही कम्प्यूटर कार्यरत है जिसमें की इन्टरनेट की सुविधा उपलब्ध है एवं वह कम्प्यूटर 2018 से अब तक कार्यरत होने से पुराना एवं जर–जर अवस्था में है।

वर्तमान में इस कार्यालय के निम्नलिखित कार्य ऑनलाईन किये जा रहे है:

1. मुख्यमंत्री सहायता कोष का कार्य
2. कॉविड–19 की 50,000/– अनुग्रह सहायता राशि भुगतान का कार्य
3. DMIS पोर्टल पर प्राकृतिक आपदा में मृतक, घायल, मकान क्षति, पशुक्षति में सहायता
4. DMIS पोर्टल पर बाढ़ से क्षतिग्रस्त भवनों, सड़कों, पुलों की मरम्मत का कार्य ऑनलाइन ही किये जा रहे है।
5. DMIS पोर्टल पर प्राकृतिक आपदा से फसल खराबे में काश्तकारों को कृषि आदान–अनुदान सहायता कार्य
6. DMIS पोर्टल पर मॉनसून सत्र के समय प्रातिदिन वर्षा की जानकारी अपलोड करना
7. सम्पर्क पोर्टल पर ऑनलाईन शिकायतों का निस्तारण
8. पे–मैनेजर पर बिल बनाने का कार्य
9. चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना का कार्य

उक्त लिखित कार्यों को सुचारू रूप से करने के लिए सिर्फ एक कम्प्यूटर पर्याप्त नहीं है। इसके लिए एन.आइ.सी. उदयपुर द्वारा नया कम्प्यूटर खरीदने का मार्गदर्शन दिया गया है एवं उनके द्वारा नये कम्प्यूटर हेतु 90000/–रूपये का व्यय अनुमान बताया गया है।

अतः उक्त लिखित कार्यों को सुचारू रूप से करने हेतु एक नया कम्प्यूटर क्रय करने हेतु बजट आवंटित करने की कृपा करें।